## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के दौरान मोबाईल फोन, माचिस, लाईटर, कैमरा या ज्वलनशील पदार्थ ले जाने के लिए प्रतिबंधित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन आगामी 14 फरवरी तथा जनपद पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 13 फरवरी 2020 को किया जाएगा। कलेक्टर यशवंत कुमार ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन कार्यवाही के दौरान निर्वाचन स्थल में पीठासीन अधिकारियों तथा आयोग द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों को मोबाईल फोन, माचिस, लाईटर, कैमरा या ज्वलनशील पदार्थ ले जाने के लिए प्रतिबंधित किया है। साथ ही पीठासीन अधिकारी के निर्देशानुसार निर्धारित क्षेत्र में मतदाताओं के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों को भी प्रवेश के लिए वर्जित किया है।

### मुख्यमंत्री 7 फरवरी को बलौदाबाजार और मुंगेली जिले के दौरे पर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 7 फरवरी को बलौदाबाजार और मुंगेली जिले में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री बघेल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायपुर से दोपहर 12.30 बजे हेलीकॉप्टर से रवाना होकर एक बजे बलौदाबाजार जिले के दामाखेड़ा पहुंचेंगे और वहां सदगुरू कबीर संत समागम समारोह में शामिल होंगे। श्री बघेल अपरान्ह 2.45 बजे मुंगेली जिले के मदकू द्वीप बैतलपुर पहुंचेंगे और वहां छत्तीसगढ़ मसीही मेला में शामिल होने के बाद शाम 4.40 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### सूरजपुर ट्रायबल मार्ट राज्य के लिए बना मॉडल खाद्य मंत्री ने सूरजपुर जिला प्रशासन को दी बधाई

**रायपुर।** खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने सूरजपुर जिले में शुरू की गई सूरजपुर ट्रायबल मार्ट को शासन द्वारा राज्य के सभी जिलों में लागू करने की योजना पर खुशी जाहिर करते हुए सूरजपुर जिला प्रशासन को बधाई दी है। श्री अमरजीत भगत आज सूरजपुर प्रवास के दौरान कलेक्टर श्री दीपक सोनी को बधाई दी। उन्होंने इस योजना में प्रत्यक्ष,अप्रत्यक्ष सहभागिता देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी शुभकामनाएं दी और कहा कि सूरजपुर जिला नए-नए नवाचारों से आये दिन नये मुकाम हासिल कर रहा है। उन्होंने इस योजना को अच्छे नेतृत्व और जिले वासियों की मेहनत की देन बताया है।

### तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन राजधानी रायपुर में 23 फरवरी से

**रायपुर।** राष्ट्रीय कृषि मेला का आयोजन राजधानी रायपुर के तुलसी बाराडेरा स्थित फल सब्जी उपमंडी प्रांगण में 23 से 25 फरवरी 2020 तक किया जाएगा। इस तीन दिवसीय मेले में कृषकों द्वारा उत्पादित कृषि उपज से संबंधित विभिन्न सामग्रियों की प्रदर्शनी सह बिक्री के स्टाल लगाए जाएंगे। इसके अलावा इस प्रांगण में छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के पृथक से स्टाल भी रहेगा। जहां आयोजन में शामिल होने वाले इन व्यंजनों का आनंद उठा सकेंगे। प्रदर्शनी सह बिक्री के स्टाल आम नागरिकों और किसानों के लिए प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा।

### नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने की सौजन्य मुलाकात


**रायपुर।** नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया से आज यहां उनके निवास कार्यालय में आरंग विकासखण्ड ग्राम पंचायत, फरफौद से नवनिर्वाचित सरपंच श्री मनीराम आडिल के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने सौजन्य मुलाकात की। मंत्री डॉ. डहरिया ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

» पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस में दी गई अवॉर्ड की जानकारी » रायगढ़ सायबर सेल ने गुम हुये 41 मोबाईल रिकव्हर किये

# रायगढ़ जिले के दो थाने को मिला आईएसओ अवार्ड







**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिले के दो थाने को पहली दफा International Standards Organization ISO से सर्वश्रेष्ठ थाना होने का अवॉर्ड दिये जाने की जानकारी आज दिनांक 06.02.2020 को पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमार सिंह द्वारा कन्ट्रोल रूम में आयोजित की गई प्रेस कान्फ्रेंस में मीडिया के साथियों के साथ साझा किये। पुलिस अधीक्षक सिंह द्वारा बताया गया कि पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा राज्य के सभी थानों को आमजन के लिये ऐसा सुविधाजनक बनाने के निर्देश दिये जिनमें मूलभूत आवश्यक संसाधनों के साथ बेहतर भवन, बिजली, पानी, कनेक्टिविटी तथा ऐसी सभी सुविधाएं हों, जहां आने वाले सभी तनाव रहित होकर अपनी बातें पुलिस अधिकारी के पास रख सकें। इन दिशा निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा जिले के सभी थानों को उच्च गुणवत्ता एवं बेहतर कामकाज, शासकीय सम्पत्ति का रख रखाव, जांच निस्तारीकरण जैसे मापदंडों को बेहतर करने एवं सामुदायिक पुलिसिंग के जरिये थानाक्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास को बढाये जाने का कार्य करने का निर्देश दिया गया। साथ ही थाना प्रभारियों को विभिन्न संगठनों की गाईडलाईन से पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवगत कराया गया जिस पर सभी थानों द्वारा कार्य किया गया है। आज सभी थानों में आगंतुकों के लिए बेहतर रिसेप्शन, महिला डेस्क की सुविधा है । थानों में शुद्ध पेयजल के साथ ही चिन्हित थानों को बालमित्र थाना बनाया गया है । इसके साथ ही अपराधों पर नियंत्रण का कार्य करते हुए सामुदायिक पुलिसिंग पर भी कार्य किया जा रहा है । थानाक्षेत्र में चलित थाना लगाकर त्वरित शिकायतों का निवारण की कार्यवाही की जा रही है। इन कार्यों में जिले के थाना सरिया व थाना चक्रधरनगर का कार्य अन्य थानों की अपेक्षा बेहतर पाया गया जिससे इन दोनों थानों के नामों का सुझाव दुरूह अवार्ड के लिए पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर भेजा गया जहां पुलिस मुख्यालय की अनुशंसा पर नई दिल्ली से इंटरनेशनल स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन की टीम दिल्ली से रायगढ़ आई जो थाना चक्रधरनगर व सरिया को अपने मापदंडों पर जांच की, जिनमें दोनों थाने सभी मापदंडों को पूरा कर यह अवार्ड पाए हैं । इन थानों का इंफ्रास्ट्रक्चर, रिसेप्शन, महिला डेस्क, बालमित्र पुलिस अधिकारी की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, वाहन स्टैंड आदि सुगम व बेहतर पाए गए । साथ ही इन थानों में सामुदायिक पुलिसिंग एवं क्राइम का निकाल अच्छा है । थाना क्षेत्र की जनता का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा अन्य थानों को भी अगली दफा यह अवार्ड पाने के लिए बेहतर से बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किए व थाना सरिया एवं चक्रधरनगर प्रभारी को बधाई दिए हैं ।

**रायगढ़ सायबर सेल ने गुम हुये 41 मोबाईल रिकव्हर किये**

जिले के थाना/चौकी में मोबाईल गुम होने शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है। थाना/चौकी स्टाफ द्वारा गुम मोबाईल की आवश्यक जानकारी लेकर सायबर सेल भेजा जाता है । सायबर सेल द्वारा इन मोबाईल नम्बरों को ट्रेकिंग पर रखकर मोबाइल की जानकारी मिलने पर थाना/चौकी स्टॉफ के साथ समन्वय बिठाकर मोबाइल लाने का कार्य किया जाता है।

## डिजिटल साक्षर बनने के लिए बेटी बनी मां की प्रेरणा

» मुख्यमंत्री के गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ का ध्येय हो रहा है साकार




**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एक बेटी ने अपने मां को आत्मविश्वास की नई राह दिखाई है। संचार क्रांति के इस दौर में डिजिटल साक्षर बनने के लिए कक्षा में अपने साथ ही मां को भी दाखिला दिलवाया। फिर मूल्यांकन में एक साथ सफलता पायी। खुशबू ने अपनी मां श्रीमती गीता साहू जो कि आंगनबाड़ी सहायिका है, उन्हें शासन द्वारा गढ़बो डिजिटल छत्तीसगढ़ अभियान के तहत चलायी जा रही मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम में अपने साथ प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया।

जहां मां और बेटी दोनों ने डिजिटल डिवाइस जैसे कम्प्यूटर, टेबलेट, मोबाईल का उपयोग करना तथा इंटरनेट के माध्यम से ई-मेल भेजना व प्राप्त करना, मोबाइल में एप के द्वारा नेट बैंकिंग, ट्रेन टिकिट बुक करना, मैप तथा सोशल मीडिया का उपयोग करना सीखा। गीता साहू बताती है डिजिटल साक्षर बनने के बाद उनमें आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता बढ़ी है तथा सूचना क्रांति की तकनीकों के प्रति जो अनभिज्ञता व हिचक थी वह दूर हुई है।

**डिजिटल साक्षर क्लासरूम में मिल रही है शिक्षा**

गृहिणी सफाई कामगार, महिला श्रमिक, शाला त्यागी बालिकाएं ले रही है ई-शिक्षा रायगढ़ में डिजिटल साक्षरता की कक्षाएं बैच अनुसार महिलाओं के निवास के समीप सामुदायिक भवन या किसी शासकीय भवन में दोपहर 11 से 5 बजे के बीच महिलाओं की सुविधा अनुसार किया जा रहा है। दो घंटे की कक्षाएं हफ्ते में 6 दिन संचालित की जाती है जहां पाठ्यक्रम अनुसार डिजिटल एजुकेटर्स के द्वारा क्लासेस ली जाती है। एक बैच में 50 महिलाएं प्रवेश ले सकती है। पाठ्यक्रम समाप्ति पर शिक्षार्थियों का ऑनलाईन मूल्यांकन किया जाता है। सफल शिक्षार्थी को डिजिटल साक्षरता का प्रमाण-पत्र तथा 600 रुपए शिक्षार्थी भत्ता मिलता है। असफल शिक्षार्थी जब तक सफल न हो अगली परीक्षा में मूल्यांकन के लिए बैठ सकता है। रायगढ़ में कार्यक्रम के तहत 8 बैच में 210 महिलाओं को डिजिटल साक्षर बनाया गया है। कार्यक्रम में प्रवेश हेतु गृहिणी, सफाई कामगार, महिला श्रमिक, शाला त्यागी बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाती है।

**मोबाईल से कान्फ्रेंस कॉल करना और मैप से लोकेशन ढूढ़ना हुआ आसान**

**नेहा दत्ता जो कि एक छात्रा है ने बताया कि अब कान्फ्रेंस कॉल करना व मैप से लोकेशन ढूढ़ना जैसे कार्य सरल हुए है। यूट्यूब में अपनी पढ़ाई से संबंधित विडियो देखकर अपनी कक्षा में मेरा प्रदर्शन सुधरा है।**

**डिजिटल साक्षर बनकर अब करूंगी बीसीए की पढ़ाई**

गीता महंत जो कि डिजिटल साक्षर मूल्यांकन में सफल शिक्षार्थी रही है, वे बताती है अब आगे बीसीए की पढ़ाई करने की इच्छा रखती है, यहां सीखी बातों को जब पति को बताया तो वे मेरी समझ व उत्साह देख मुझे आगे पढ़ाने के लिए सहर्ष तैयार हो गए।

## मैराथन के लिए सड़कों पर की जा रही आकर्षक पेन्टिग

» मैराथन के रंग में रंगा जिले का हर कोना
» उद्योग मंत्री और विधायकगण मैराथन में शामिल होकर करेंगे धावकों का उत्साहवर्धन



**रायपुर।** वाणिज्यिक (आबकारी) एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, विधायक कोण्डागांव श्री मोहन मरकाम सहित नारायणपुर विधायक श्री चंदन कश्यप धावकों के उत्साहवर्धन के लिए मैराथन दौड़ में शामिल होकर धावकों का उत्साहवर्धन करेंगे।

नारायणपुर नगरीय क्षेत्र सहित माड़ इलाके का कोना-कोना मैराथन के रंग में रंगा नजर आने लगा है। नारायणपुरवासी धावकों के स्वागत के लिए आतुर नजर आ रहे हैं। मुख्य बाजारों के साथ ही मैराथन वाले रास्तों पर रंग-बिरंगे रंगों से आकर्षक पेंटिंग कर सजाया-संवारा जा रहा है।

स्थानीय युवाओं, पत्रकारों, गणमान्य नागरिकों द्वारा मैदान स्थल को आकर्षक तरीके से तैयार करने में अपनी सहभागिता दे रहे है। राज्य, देश और विदेशों से भी आने वाले धावकों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए बस स्टैण्ड सहित तीन मुख्य स्थानों पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए।

जहां वे आने वाले धावकों को ठहरने और भोजन व्यवस्था के साथ ही अन्य चाही गई जानकारी से अवगत करा रहे है। धावकों का आना शुरू हो गया है। आज राज्य ओडिसा और सरगुजा के धावक पहुंच चुके हैं। कल 7 फरवरी तक बाहर के अधिकांश धावक नारायणपुर पहुंच जाएंगे।




### बड़े नावापारा में लगा ग्रामीणजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरमकेला के द्वारा आज गैर संचारी रोग शिविर का आयोजन बड़े नावापारा में आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणजनों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण, ब्लड प्रेशर, खून जांच साथ अन्य बीमारी की जांच की गई और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया गया।

## डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत राशन कार्ड से होगा मरीजों का इलाज

» सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में योजना 16 जनवरी से प्रारंभ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, रायगढ़ जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 16 जनवरी से प्रारम्भ हो चुका है। जिसका लाभ लेने के लिए अस्पताल में आने वाले समस्त मरीजों को राशन कार्ड लेकर आना होगा। कलेक्टर यशवंत कुमार ने यह अपील की है कि जनसामान्य अस्पताल में राशन कार्ड के माध्यम से अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि राशन कार्ड के द्वारा ही भर्ती होने वाले मरीजों का समुचित इलाज सारी सुविधाओं के साथ किया जा सकेगा।

## नए वित्तीय वर्ष से 33 नवीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रारंभ होंगे-डी.डी. सिंह

» आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग के काम-काज की समीक्षा

**रायपुर।** आदिम जाति और अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव श्री डी.डी. सिंह ने आज इन्द्रावती भवन में विभागीय काम-काज की समीक्षा करते हुए कहा कि छात्रावासों में बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए ताकि इन बच्चों का चयन प्रयास, एकलव्य, नवोदय जैसी संस्थाओं में हो सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 42 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं। नए वित्तीय वर्ष से 33 नवीन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने हैं। उन्होंने इसके लिए जिला कलेक्टरों को स्थान चिन्हांकित कर दिए जाने के लिए सहायक आयुक्तों को निर्देशित किया। श्री सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार पीव्हीटीजी के छात्र-छात्राओं (शिक्षित) को स्थानीय नौकरियों में रखा जाना है।

बैठक में आयुक्त सह संचालक श्री मुकेश कुमार बंसल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। डी.डी. सिंह ने जिले के सहायक आयुक्त और परियोजना प्रशासक को छात्रावास-आश्रमों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आश्रम छात्रावासों में अधीक्षकों का रहना सुनिश्चित करें, यहां अप्रिय घटना होने पर सहायक आयुक्त पर कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों को सुपोषण अभियान में तेजी लाने, वनाधिकार मान्यता पत्र के निरस्त आवेदनों पर पुनः नवीन आवेदन कराकर समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के उद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई।

## खरीदी केंद्र पुसपाल और जमवाड़ा में 1577 बोरी मिलावटी धान जप्त



**रायपुर।** बस्तर जिले में आज जिला प्रशासन द्वारा दो अलग-अलग धान खरीदी केंद्रों में कार्रवाई करते हुए 1577 बोरी धान जप्त किया गया है। कलेक्टर डॉ. अय्याज तम्बोली के निर्देश पर जगदलपुर विकासखंड के धान खरीदी केंद्र पुसपाल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस केंद्र में 1209 बोरी खराब धान पाया गया, जिसे जप्त कर लिया गया।

इसके साथ ही स्टेगकिंग की जांच की गई। जिसमें 150 बोरी ऐसा धान पाया गया, जिसमें नया और पुराना धान मिलाकर रखा गया था। इसके अलावा खरीदी केंद्र में धान की बोरियों से भरा एक वाहन पाया गया, जिसमें 120 बोरी धान लावारिस हालात में रखा था। बहुत कोशिश के बाद भी इसके मालिक का पता नही चल पाया। जिसके कारण धान सहित वाहन को भी जप्त कर लिया गया।

एक अन्य करवाई में नायब तहसीलदार श्री संतोष धुर्वे ने धान खरीदी केंद्र जामवाडा का निरीक्षण किया। इस केंद्र में किसान अन्तराम 33 बोरी धान लेकर आये थे।

जांच में पाया गया कि इसमें नया और पुराना धान को मिला दिया गया है। पूछने पर किसान ने बताया कि वह दूसरे का धान बेचने लाये है। मिलावटी और दूसरे का धान होने के कारण धान जप्त कर लिया गया। इसी तरह केंद्र में 65 बोरी धान लावारिस पाया गया, इसे भी जप्त कर लिया गया है।

## जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 14 फरवरी

» जनपद पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 13 फरवरी
» जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए संशोधित कार्यक्रम अनुसूची जारी



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए कार्यक्रम अनुसूची जारी की गई थी। जिसमें आंशिक संशोधन किया गया है।

संशोधित कार्यक्रम अनुसार जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन आगामी 14 फरवरी 2020 को किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन 13 फरवरी 2020 को निर्धारित किया गया है। जिसके लिए निर्धारित कार्यक्रम समय अनुसूची जारी की गई है।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने बताया कि जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष के लिए नाम निर्देशन प्रस्तुतीकरण नियत तिथि में प्रातः10 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक, नाम निर्देशन की संवीक्षा एवं वैध पाये गये नाम निर्देशन पत्रों का प्रकाशन पूर्वान्ह 11 बजे से पूर्वान्ह 11.15 बजे तक, नाम निर्देशन की वापसी पूर्वान्ह 11.15 बजे से पूर्वान्ह 11.30 बजे तक, नाम निर्देशन वापसी पश्चात विधिमान्यता नाम निर्देशित अभ्यर्थियों के आधार पर मतपत्रों को तैयार पूर्वान्ह 11.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। मतदान (गुप्त) यदि आवश्यक हो तो दोपहर 12 बजे से 12.30 बजे तक, मतगणना मतदान समाप्ति के तुरंत पश्चात एवं परिणाम की घोषणा मतदान के तुरंत पश्चात किया जाएगा।

जिला पंचायत रायगढ़ के उपाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत रायगढ़ के उपाध्यक्ष के लिए नाम निर्देशन प्रस्तुतीकरण नियत तिथि में दोपहर 2 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, नाम निर्देशन की संवीक्षा एवं वैध पाये गये नाम निर्देशन पत्रों की प्रकाशन अपरान्ह 3 बजे से 3.15 बजे तक, नाम निर्देशन की वापसी अपरान्ह 3.15 बजे से 3.30 बजे तक, नाम निर्देशन वापसी पश्चात विधिमान्यता नाम निर्देशित अभ्यर्थियों के आधार पर मतपत्रों को तैयार अपरान्ह 3.30 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480